Appointments from out-side in 1A and AI

2526. SHRI DINESHBHAI TRIVEDI : Vill the Minister of CIVIL AVIATION \ND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Government's attention has leen drawn to the interview of Chairman **U/IA** published in "Sunday" magazine ecently about "to get people from out side o manage Air India/Indian Airlines"; and

(b) if so, what is meant by "People from Dutside" and at what level and what is Gov-rnment's reaction thereto ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION WD TOURISM (SHRI GHULAM NABI \ZAD) : (a) Yes, Sir.

(b) Chairman, Air India and Indian Air ines has expressed his views about the advantages and disadvantages of induction Df senior managers from outside into the liriines. No concrete proposals have been seat to the Government so far.

भारत पर्यटन विकास निगम (आई. टी. डी. सी.) द्वारा सस्ते होटलों का निर्माण

2527. **श्रीमति आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पर्यटन विकास निगम (आई. टी. डी. सी.) द्वारा कम खर्चा करने वाले पर्यटकों के लिए भारत में सस्ते होटलों का निर्माण करने की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) वर्ष 1994-95 और 1995-96 के लिए भारत पर्यटन विकास निगम की वार्षिक योजना में देश में किसी भी नए सस्ते होटल के निर्माण के लिए किसी विशेष योजनागत स्कीम/प्रावधान का ध्यान नहीं रखा गया है । भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा नए होटलों का निर्माण आर्थिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता जैसे अनेक पहलुओं पर निर्भर करता है । भारत पर्यटन विकास निगम की वर्तमान नीति अपने मौजूदा प्रचालनों को दृढ़ करना है ।

उत्तर प्रदेश में बद्रीनाथ धाम

2528. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश में बद्रीनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों को इस स्थान पर कुप्रबंध के कारण बहुत कष्ट उठाना पड़ता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि तीर्थयात्रियों को कई बार वहां नियुक्त पुलिसकर्मियों के दुर्व्यवहार और डंडों को भी सहना पड़ता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वहां पर्याप्त मात्रा में बिजली भी उपलब्ध नहीं है और जो जनरेटर बिजली के लिए वहां मौजूद हैं उनका प्रयोग अन्य स्थानों पर किया जा रहा है ; और

(घ) सरकार तीर्थयात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए क्या कठोर उपाए कर रही है/करने की योजना बना रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (घ) केन्द्र सरकार तीर्थ गन्तव्य स्थलों सहित, पर्यटकों की रूचि के स्थानों पर पर्यटन सुविधाओं को सुधारने में राज्य सरकारों की मदद करती है । बद्रीनाथ धाम के तीर्थयात्रियों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के संबंध में विशेष रूप से कोई शिकायत नहीं मिली है । बिजली और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की जिम्मेवारी राज्य प्राधिकारियों की है । तीर्थयात्रियों की समस्याओं को दूर करने की ओर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है ।

2529WIU1MATI VEENA VERMA : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that despite frequent fare-increase and freight hikes, the